150 करोड़ रुपये का निवेश करेगा जक्वार ग्रुप

मुंबई: बाथ फिटिंग और सैनिटरी वेयर कंपनी जक्वार ग्रुप 150 करोड़ रुपये के निवेश से अपनी मैन्युफैक्चरिंग क्षमता को दोगुना करेगी। कंपनी ने मौजूदा वित्त वर्ष में अपने रेवेन्यू में 25% ग्रोथ का टारगेट रखा है। कंपनी के सीनियर अधिकारी ने बताया कि कंपनी मौजूदा वित्त वर्ष में 3,000 करोड़ रुपये रेवेन्यू कमाना चाहती है। कंपनी के डायरेक्टर और प्रमोटर राजेश मेहरा ने बताया, ' हम राजस्थान के भिवाड़ी में अपनी मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटी को बढ़ाएंगे। हमें उम्मीद है कि अगले साल के मध्य तक यह काम पूरा कर लिया जाएगा।'